StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 3

**S—97—Science (D & D) (Supp.)**

# माध्यमिक (मूक बधिर) पूरक परीक्षा, 2013

## विज्ञान

## ( SCIENCE )

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. 

| प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न |
|---|---|
| 1-8 | 1 |
| 9-14 | 2 |
| 15-24 | 3 |
| 25-30 | 5 |

6. प्रश्न संख्या 25 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

StudentBounty.com



1. पृथ्वी तल पर सर्वाधिक मात्रा में पाये जाने वाले तत्व का नाम बताइये। 1
2. सिल्वर ब्रोमाइड का क्या उपयोग है ? 1
3. सी.एन.जी. का पूरा नाम लिखिए। 1
4. कार्बन श्रृंखलाएँ कितने प्रकार की होती हैं ? 1
5. आनुवंशिकी का जन्मदाता किसे कहा जा सकता है ? 1
6. विद्युत शक्ति का मात्रक लिखिए। 1
7. विद्युत धारा उत्पन्न करने की युक्ति को क्या कहते हैं ? 1
8. विद्युत चुम्बक में क्रोड सामान्यतया किसका बना होता है ? 1
9. प्रथम समूह में किस तत्व का परमाणु सबसे छोटा तथा किस तत्व का परमाणु सबसे बड़ा होता है ? 2
10. प्रभावी तथा अप्रभावी लक्षणों से आप क्या समझते हैं ? 2
11. ओम का नियम क्या है ? विभवान्तर एवं धारा में ग्राफ खींचिए। 2
12. किसी चालक तार का प्रतिरोध उसकी अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल में परिवर्तन के साथ किस प्रकार परिवर्तित होता है ? 2
13. बड़े बांधों के विरोध की समस्याओं के नाम बताइये। 2
14. पारिस्थितिक स्तूप किसे कहते हैं ? 2
15. आयनिक यौगिकों के तीन गुणधर्म लिखिए। 1 + 1 + 1
16. एथनॉल के कोई तीन गुणधर्म लिखिए। 1 + 1 + 1
17. तीन उत्कृष्ट गैसों के नाम एवं प्रतीक चिह्न लिखिए। $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$
18. आधुनिक आवर्त सारणी की दो प्रवृत्तियों को समझाइये। $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$
19. दक्षिण हस्त अंगुष्ठ नियम लिखिए। 3
20. वन्य जीवन प्राणियों के संरक्षण की आवश्यकता क्यों है ? वन्य प्राणियों के संरक्षण के उपाय बताइये। 3
21. हमें संसाधनों के प्रबन्धन की आवश्यकता क्यों है ? वन प्रबन्धन में लोगों की भागीदारी का एक उदाहरण दीजिए। 1 + 2
22. ''पवन चक्की पर्यावरणीय-हितैषी है।'' समझाइये। 3
23. कचरा निपटाने की समस्या को कम करने के तीन उपाय बताइये। 1 + 1 + 1

StudentBounty.com



24. वायुमण्डल में ओजोन निर्माण की प्रक्रिया समझाइये। 3

25. भर्जन किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित समझाइये।

अथवा

गैल्वेनीकरण से आप क्या समझते हैं ? 5

26. कार्बन परमाणु की ज्यामिति कैसी होती है ? ऐल्केन श्रेणी का सामान्य सूत्र क्या है ? इस श्रेणी के प्रथम 6 सदस्यों के नाम, सूत्र व संरचना लिखिये।

अथवा

साबुन की सफाई प्रक्रिया की क्रियाविधि समझाइये। 5

27. जीवाश्म क्या हैं ? वे जैव विकास प्रक्रम के विषय में क्या दर्शाते हैं ?

अथवा

मानव में बच्चे का लिंग निर्धारण किस बात पर निर्भर करता है ? रेखा चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए। 5

28. 8 ओम प्रतिरोध का कोई विद्युत हीटर विद्युत मेन्स से 2 घण्टे तक 15A विद्युत धारा लेता है। हीटर में उत्पन्न ऊष्मा की दर ज्ञात कीजिए।

अथवा

किसी अज्ञात प्रतिरोध के सिरों से 12 V की बैटरी संयोजित करने पर परिपथ से 2·5 mA विद्युत धारा प्रवाहित होती है। प्रतिरोधक का प्रतिरोध ज्ञात कीजिए। 5

29. विद्युत जनित्र का सिद्धान्त लिखिए। विद्युत जनित्र की बनावट का नामांकित चित्र बनाइये। प्रत्यावर्ती धारा जनित्र के विभिन्न भागों के नाम व कार्य लिखिए।

अथवा

अतिभारण से आप क्या समझते हैं ? भूसम्पर्क तार का क्या कार्य होता है ? धातु के आवरण वाले विद्युत साधित्रों को भूसम्पर्कित करना क्यों आवश्यक है ? 5

30. बायोगैस क्या है ? इसके संयंत्र का नामांकित चित्र बनाइये। इसकी रचना व उपयोग लिखिए।

अथवा

सौर कुकर से आप क्या समझते हैं ? सौर कुकर का नामांकित चित्र बनाते हुए इसके उपयोग लिखिए। 5